जोधपुर में कारोबारी के घर से संदिग्ध हालात में 60 लाख के जेवर चोरी

घर के ताले नहीं टूटे, अलमारी से 35 तोला सोना, 5 किलो चांदी के आभूषण चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर स्थित अरिहंत नगर में एक मकान में चोरी हो गई। घर का मालिक सुबह मॉर्निंग वॉक पर गया हुआ था। बाद में पत्नी ने कॉल कर घटना की जानकारी दी। पति तुरंत घर पहुंचा। घर से 35 तोला सोना और 5 किलो चांदी के आभूषण बर्तन इत्यादि चोरी हुए हैं। प्रतापनगर पुलिस घटना को लेकर गहनता से तफ्तीश में जुटी है। पुलिस की टीमों को लगाया गया है। सीसीटीवी फुटेज से भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत 60 लाख है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर गहनता से जांच की जा रही है। घटना में ताले टूटे जैसे आलामात नहीं मिले हैं।

- **घर का मालिक सुबह मॉर्निंग वॉक पर गया हुआ था, बाद में पत्नी ने कॉल कर घटना की जानकारी दी**
- **प्रतापनगर पुलिस घटना को लेकर गहनता से तफ्तीश में जुटी है, सीसीटीवी फुटेज से भी घटना का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है**

प्रतापनगर थाने के एएसआई देवकरण ने बताया कि मकान मालिक राजेन्द्र पुंगलिया ने रिपोर्ट दी। वे कारोबार करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के घर की अलमारी में उनकी पत्नी और पुत्रवधू के सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। 11 नवंबर की सुबह परिवादी मॉर्निंग वॉक पर गए हुए थे। तब करीब सुबह 8.30 बजे उनकी पत्नी का फोन आया और उन्हें तुरंत घर पहुंचने को कहा। घर पहुंचने पर पत्नी ने बताया कि अलमारी में रखे आभूषण और नकदी में से सामान गायब है।

परिवादी के अनुसार अलमारी में करीब 10 तोला सोने के कंगन, 8 तोला मोती सेट, 4 तोला डायमंड सेट, 3 तोला पोलकी सेट, 13 अंगूठियां, 1.5 तोला स्टोन सेट, 8 तोला ब्रासलेट, 5 किलो चांदी और एक लाख रुपये नकद रखे थे। जांच करने पर नकदी में से 7 हजार रुपये भी गायब मिले। परिवार के सदस्यों ने घर में काफी तलाश की, लेकिन आभूषण और अन्य सामान नहीं मिला।

एएसआई देवकरण के अनुसार घर के ताले नहीं टूटे है। आस पास सीसीटीवी फुटेज में भी फिलहाल कोई ऐसा संदिग्ध नजर नहीं आया है। परिजन से बात की जा रही है।

सरकारी योजनाओं में लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी

जोधपुर, (कासं)। सरकारी योजनाओं के तहत व्यापारियों और औद्योगिक उद्यिमयों को कम ब्याज दर पर ऋण एवं अनुदान दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मसूरिया निवासी सलमान खान ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। न्यायालय के आदेश पर देवनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

- **5.20 लाख का फ्रॉड किया, तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज**

परिवादी सलमान खान निवास, सिंधी मुस्लिम बस्ती, मसूरिया ने इस्तगासे में बताया कि वर्ष 2024 में ए.सी.ओ.लाइट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकृत व्यक्तियों पुष्कर शर्मा, सौरभ वर्मा और मुहम्मद रजा ने उनसे संपर्क किया था। आरोपियों ने व्यापारियों और औद्योगिक उद्यिमयों को सरकारी योजनाओं के तहत कम ब्याज दर पर ऋण एवं अनुदान दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके लिए पूर्व में कई फर्मों को लाखों रुपये का ऋण एवं अनुदान दिलाने के उदाहरण भी दिए गए।

परिवादी के अनुसार कंपनी ने सेवाओं के बदले मिलने वाली राशि में कमीशन और अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने का लालच दिया। साथ ही तय समय में काम नहीं होने पर पूरी राशि लौटाने का आश्वासन दिया। इसी भरोसे पर परिवादी ने अपने ग्राहक एन.एस. रॉयल एंटरप्राइजेज का ऋण करवाने का काम कंपनी को सौंपा और व्हाट्सऐप पर भेजे गए भुगतान लिंक के माध्यम से ऑनलाइन राशि जमा करवाई। आरोप है कि कंपनी ने न तो तय समय में काम किया और न ही रकम वापस लौटाई। इसके बाद एचएनके सन्स के लिए व्यापारी ऋण का काम दिया गया, लेकिन आरोप है कि कंपनी ने अत्यधिक ब्याज दर पर ऋण करवाया, जिससे ग्राहक को आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं एस.एन. हाइजीन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को अनुदान दिलाने के नाम पर भी करीब 5 लाख 20 हजार 970 रुपये प्राप्त करने के बावजूद कोई काम नहीं किया गया।

परिवादी ने आरोप लगाया कि बार-बार संपर्क करने के बावजूद कंपनी के प्रतिनिधि केवल आश्वासन देते रहे। बाद में फोन, व्हाट्सऐप और ई-मेल के माध्यम से संपर्क करना भी बंद कर दिया। इस संबंध में 28 नवंबर 2025 को कानूनी नोटिस भेजा गया, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं मिला। परिवादी ने 25 दिसंबर 2025 को देवनगर थाने में रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस आयुक्त को भी शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। न्यायालय से इस्तगासा पुलिस थाना देवनगर पहुंचने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी कमल किशोर ने प्रकरण का अनुसंधान सहायक उपनिरीक्षक जगराम को सौंपा है। पुलिस मामले में आरोपों की जांच कर रही है।

ब्यावर कलैक्टर की पहल से टीबी रोगी को पोषण का संबल मिला

जयपुर। प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए ब्यावर जिला कलैक्टर कमलराम मीना ने टीबी रोगियों के स्वास्थ्य एवं उपचार को लेकर संवेदनशील पहल की। पंचायत समिति रायपुर में जिला कलैक्टर ने ग्राम खिवल निवासी टीबी रोगी भंवर लाल प्रजापत को पोषण किट प्रदान की। इस दौरान उन्होंने रोगी की कुशलक्षेम पूछते हुए उपचार के दौरान पौष्टिक आहार एवं नियमित दवा सेवन के महत्व पर जोर दिया।

- **टीबी रोगी भंवर लाल प्रजापत को पोषण किट प्रदान कर नियमित उपचार एवं पौष्टिक आहार के लिए प्रेरित किया**



पंचायत समिति रायपुर में जिला कलैक्टर ने ग्राम खिवल निवासी टीबी रोगी भंवर लाल प्रजापत को पोषण किट प्रदान की।

जिला कलैक्टर कमल राम मीना ने पोषण किट प्रदान करते हुए टीबी रोगी को नियमित रूप से दवाइयों का सेवन करने, चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने तथा उपचार की निर्धारित अवधि पूरी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संतुलित एवं पौष्टिक आहार को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए स्वास्थ्य विभाग के निरंतर संपर्क में रहने की आवश्यकता भी बताई।

जिला कलैक्टर की यह पहल टीबी रोगियों के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके निर्देशन में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को प्रभावी बनाने के साथ रोगियों को उपचार एवं पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पोषण किट वितरण जैसी पहल से रोगियों का मनोबल बढ़ाने और उपचार के प्रति जागरूकता विकसित करने में मदद मिल रही है।

बूंदी में डोडा-चूरा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया है

बूंदी, (निसं)। पंचायतीराज चुनावों के मद्देनजर जिले में अवैध गतिविधियों एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बूंदी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक बूंदी अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर एवं जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई में 2 किलो 690 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक बूंदी अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि 11 नवंबर को रामनगर चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान बूंदी की तरफ से आ रही एक मोटरसाइकिल को रुकवाकर जांच की गई। मोटरसाइकिल के बैग में रखी प्लास्टिक की थैली में भूरे रंग का चूरा दिखाई दिया। चालक से पूछताछ करने पर वह घबराने लगा। थैली की जांच करने पर उसमें डोडा चूरा पाया गया। मादक पदार्थ के परिवहन के संबंध में चालक कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने आरोपी देवराज पुत्र प्रभूलाल गुर्जरनिवासी चांदा का तालाब, थाना तालेड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 690 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

निजी अस्पताल में साले ने चाकू से हमला कर जीजा की हत्या की

जीजा और साला दोनों ही सर्राफा बाजार में व्यापारी बताये गये हैं

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी स्थित एक ट्रस्ट के अस्पताल में भर्ती सास से मिलने पहुंचे जीजा मौलिक जैन पर आपसी कलह के चलते उसके साले कपिल जैन ने चाकू से हमला कर जीजा की हत्या कर दी।

मामले में सामने आया कि मौलिक जैन अपनी पत्नी के साथ इलाके में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती सास से मिलने पहुंचा था, अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर ही मौलिक की उसके साले कपिल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिस पर कपिल जैन ने अपने जीजा मौलिक पर अचानक से चाकू से हमला कर दिया। हमले मे गंभीर रूप से घायल को चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जीजा और साला दोनों ही सर्राफा बाजार में व्यापारी है। सर्राफा व्यापारी मौलिक जैन पर हुए हमले की सूचना मिलने पर सर्राफा मार्केट में सनसनी फैल गई। वहीं अस्पताल में हुए हमले की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

- **जीजा मौलिक जैन अपनी पत्नी के साथ इलाके में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती सास से मिलने पहुंचा था**
- **अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर ही मौलिक की साले कपिल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई**

दादाबाड़ी थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि तलवंडी निवासी मौलिक जैन की सास की तबीयत बीते कुछ दिनों से खराब थी। वह गुरुवार को अपनी सास से मिलने के लिए दादाबाड़ी स्थित ट्रस्ट के अस्पताल में पत्नी के साथ पहुंचे थे, जहां पर उसके साले से कहासुनी हो गई और साले कपिल जैन ने मौलिक पर चाकू से वार किये। हमले में मौलिक जैन की मौत हो गई। मौलिक जैन सर्राफा व्यापारी था जिसकी रामपुरा में ज्वैलरी की शॉप है। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल हमले के पीछे आपसी कलह का मामला सामने आ रहा है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर आरोपी को डिटेन कर लिया है मामले की जांच की जा रही है।

कोटा के श्रीपुरा इलाके में कबाड़ी मार्केट में भीषण आग लगी

कोटा, (निसं)। शहर के श्रीपुरा इलाके में स्थित कबाड़ी मार्केट में बुधवार देर रात्रि को अचानक से भीषण आग लग गई। भीषण आग की चपेट में आने से दो बड़ी दुकानों में रखा प्लास्टिक, लोहा, रद्दी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। कबाड़ी मार्केट में लगी आग की लपटों को देखकर लोगों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की दमकलें मौके पर पहुंची और करीब सात दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि बुधवार देर रात्रि को करीब डेढ़ बजे श्रीपुरा स्थित कबाड़ी मार्केट मे आग लगने की सूचना मिली थी, सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया, भीषण आग को देखते हुए अलग-अलग फॉयर स्टेशनों से करीब सात दमकलों को मौके पर भेजा गया और दो घंटे की काफी मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया।

अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि मार्केट मे कबाड़ की बड़ी-बड़ी दुकानें है, दीपावली के कारण दुकानों मे काफी मात्रा मे कबाड़ एकत्र हो गया था, जिससे आग तेजी से फैली और एक दुकान से दुसरी दुकान तक पहुंच गई, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दो दुकानों में रखा पूरा सामान आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गया, अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने का फिलहाल कोई कारण सामने नहीं आया है। समय पर सूचना मिलने पर सात दमकलों की मदद से भीषण आग पर काबू पा लिया गया।

अलीगढ़ के आबादी क्षैत्र में लैपर्ड का मूवमेंट

टोंक, (निसं)। अलीगढ़ कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में पिछले 15 दिन से लैपर्ड का मूवमेंट रहने से क्षैत्र के ग्रामीण डरे हुए हैं और घरों से निकलने में हिचक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार देर रात को लैपर्ड अलीगढ़ के आबादी एरिया के पास देखा गया। इसके बाद लोगों में दहशत फैल गई, लोग एक दूसरे को कॉल कर सूचना देने लगे।

अलीगढ़ निवासी जनक मीणा, रईस, शहजाद, बनवारी लाल मीणा, चिरंजीलाल वर्मा ने बताया कि 15 दिन से लैपर्ड का मूवमेंट देखा जा रहा है। मंगवार की रात करीब 11 बजे भी टोंक-सवाई माधोपुर रोड की ओर पंचायत समिति कार्यालय के पास लैपर्ड देखा गया था। वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने बताया कि लैपर्ड कुत्तों का शिकार कर रहे हैं, गनीमत है कि अब तक कोई जनहानि नहीं हुई है। लोगों ने जल्द वन्य जीवों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है अलीगढ़ के क्षेत्रीय वन अधिकारी ने कहा कि वन विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। जल्द टीम गठित करवा कर रेस्क्यू किया जाएगा।

हादसे में एक जने की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित खोखरिया गांव में एक व्यक्ति पटाखे जलाते समय जांघ में गंभीर चोट लगने पर बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे पहले निजी अस्पताल लेकर गए, बाद में एमडीएम अस्पताल रैफर किया गया। मगर उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। उसके भाई की तरफ से बनाड़ थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि खारीखुर्द डांगियावास हाल खोखरिया स्थित गुजरावास फाटक के नजदीक रहने वाला 45 साल का श्रवणलाल पुत्र मुकनाराम मेघवाल 9 नवंबर को दीपावली रामाश्यामा को पटाखे जला रहा था।

तब पटाखे से उसकी जांघ बुरी तरह चोटिल हो गई। इस पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर गए। बाद में उसे एमडीएम अस्पताल में रैफर किया गया, मगर उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। उसके भाई शंकरलाल ने मर्ग में रिपोर्ट दी। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

होटल में खाना खाते समय छिड़ी बहस ने हिंसक रूप लिया, दो घायल

कोटपूतली, (निसं)। क्षेत्र में देर रात एक होटल में खाना खाते समय चुनावी चर्चा ने हिंसक रूप ले लिया। इस खूनी संघर्ष में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में ईलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार कैरोड़ी (राजनौता) निवासी संजय (31) पुत्र कंवरपाल सिंह व प्रदीप (33) पुत्र नौरंग सिंह देर रात एक होटल में खाना खा रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों के साथ चुनावों को लेकर बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह मामूली कहासुनी गाली-गलौच और फिर हिंसक झड़प में बदल गई। इस हमले में संजय सिंह व प्रदीप सिंह को गंभीर चोटें आईं। दोनों घायलों को देर रात ही राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चुनाव संपन्न होने के बावजूद गांवों में पनप रही इस आपसी रंजिश को लेकर स्थानीय लोगों में भारी चिंता और आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

डूंगरपुर शहर में निजी कॉलोनाइजर पर नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाया

डूंगरपुर, (निसं)। शहर में निजी कॉलोनियां विकसित कर भूखंड बेचने और उसके बाद आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसाने वाले कॉलोनाइजरों के लिए अब मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। नगर परिषद ने ऐसे कॉलोनाइजरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नियमों की अनदेखी पर बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिषद की इस कार्रवाई ने निजी कॉलोनियों में सुविधाएं विकसित करने के नाम पर लापरवाही बरतने वालों में खलबली मचा दी है।

नगर परिषद आयुक्त ललित सिंह देथा ने बताया कि निजी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं विकसित नहीं करने वाले कॉलोनाइजरों को पहले नोटिस जारी कर एक माह के भीतर आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्देशों की पालना नहीं होने पर नगर परिषद ने अगला कदम उठाया है।

- **नोटिस के बावजूद जवाब नहीं देने पर आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई शुरू की**

नोटिस मिला, सात दिन का मौका मिला, फिर भी नहीं दिया जवाब :- कार्यवाही के दायरे में टाइगर हील कॉलोनी की कॉलोनाइजर अनु पत्नी शांतिलाल मेहता का मामला भी सामने आया है। नगर परिषद की ओर से जारी नोटिस के बावजूद निर्धारित सात दिनों में प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद परिषद ने संबंधित नियमों के तहत आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस पूरे मामले में सबसे अहम बात यह है कि नगर परिषद ने राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन नियम, 2012 के नियम 24 एवं 34 के तहत आवंटन का प्रतिसंहरण करते हुए तहसीलदार डूंगरपुर के माध्यम से आबादी भूमि को वापस कृषि भूमि में परिवर्तित करने की कार्रवाई शुरू की है। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि इस कार्रवाई से संबंधित समस्त जिम्मेदारी कॉलोनाइजर अनु पत्नी शांतिलाल मेहता की रहेगी, यानी कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं विकसित नहीं करने और नियमों की पालना नहीं करने का मामला अब सीधे प्रशासनिक कार्यवाही तक पहुंच गया है।

दो वर्षीय बेटे की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। आनंदपुरी थाना पुलिस ने दो वर्षीय मासूम बालक की निर्मम हत्या के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि गत 9 नवंबर को प्रार्थीया सुनिता पत्नि खेमराज पारगी निवासी जुनी टिम्बी ने घटनास्थल जुनी टिम्बी पर बताया कि 8 नवंबर को रात्रि लगभग 10 बजे वह छोटे बच्चे तीन वर्षीय वसन व दो वर्षीय ईलेश के साथ घर मे बैठी थी। तभी मेरा पति खेमराज पुत्र धुलिया पारगी घर पर आया एवं मेरे साथ झगड़ा करने लगा गया और मेरे दोनों छोटे बच्चे वसन व ईलेश को मारने लग गया। इस दौरान खेमराज ने छोटे बच्चे ईलेश को उठाकर जोर से नीचे पटक दिया। जिससे ईलेश की मौत हो गई। वहीं दूसरे लड़के वसन को भी चोटें आई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन में थानाधिकारी आनंदपुरी कपिल पाटीदार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। निरीक्षण के दौरान मौके पर खेमराज के घर में दो वर्षीय बालक का शव मिला। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के निरीक्षण के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम की उपस्थिति में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करवाया गया तथा घटनास्थल एवं शव की फोटोग्राफी करवाई गई। आवश्यक कानूनी एवं अनुसंधान संबंधी कार्यवाही कर 10 नवंबर को मृतक बालक ईलेश के शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस-पास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य संकलित कर आरोपी खेमराज की तलाश कर उसे डिटेन किया। आरोपी से पूछताछ एवं अनुसंधान के दौरान जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

मोबाइल पर बात करते छत से गिरा युवक, मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के मंडोर स्थित नौ मील एरिया में एक युवक मोबाइल पर बात करते हुए छत से गिर गया। पता लगने पर लोगों ने उसे अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया, उसे बचाया नहीं जा सका। उसकी आज मौत हो गई। मृतक के पिता ने मंडोर थाने में मर्ग में रिपोर्ट दी है।

मंडोर पुलिस ने बताया कि मूलत: उत्तरप्रदेश के हरदोई स्थित माधोगंज हाल मंडोर नौ मील एरिया में रहने वाला मुकेश पुत्र श्रवण नौ नवंबर की रात को अपने किसी परिचित से फोन पर बात कर रहा था। बात करते ही घर की छत पर टहल रहा था। तब वह छत से अचानक गिर गया। गँभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। उसके पिता श्रवण कुमार की तरफ से मंडोर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

भीलवाड़ा के ग्राम पंचायत महुआखुर्द में सड़क के अधूरे निर्माण कार्य से परेशानी

सड़क का काम बीच में रुकने के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले की बनेड़ा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत महुआखुर्द में सड़क का अधूरा निर्माण कार्य आमजन के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। सड़क का काम बीच में रुकने के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस संबंध में महुआ खुर्द की सरपंच राधिका जाट एवं समस्त ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर एवं अध्यक्ष, डीएमएफटी भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

ज्ञापन के अनुसार, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट योजना के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड शाहपुरा/आसींद द्वारा कमलपुरा से आरजिया तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। महुआखुर्द पंचायत क्षेत्र में लगभग 5 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन आरजिया क्षेत्र में पहुँचते ही यह कार्य वन विभाग द्वारा रोके जाने के कारण रुक गया है। यह अधूरा हिस्सा राजसमंद-लाडपुरा बाईपास सड़क से मात्र 700 मीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों ने बताया कि इस 700 मीटर के रास्ते से महुआखुर्द के अलावा अन्य 20 गाँवों के लोग भी आवागमन करते हैं। सड़क का निर्माण अधूरा होने के कारण यह मार्ग हादसों का अड्डा बन गया है और रोजाना लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा, यह सड़क लगभग 40 से 45 वर्ष पुरानी है, जिस पर पूर्व में कृषि मंडी एवं द्वारा गिट्टी और डामरीकरण का कार्य किया जा चुका है।



समस्या को लेकर ग्रामीण जिला कलैक्टर एवं अध्यक्ष, डीएमएफटी भीलवाड़ा को ज्ञापन देने पहुंचे।

नेशनल हाईवे-48 (भीलवाड़ा-अजमेर) पर कोठारी नदी पर यातायात बाधित होने पर इस सड़क का उपयोग अक्सर वैकल्पिक मार्ग के रूप में किया जाता है। इस मार्ग की भूमि से टेलीफोन, बिजली विभाग और चंबल की पाइपलाइन भी गुजर रही है। वर्तमान में वन विभाग द्वारा अपनी भूमि के मध्य लगभग 25 मीटर छोड़कर कच्ची फेसवाल बना दी गई है, जिससे आवागमन और अधिक दुर्गम हो गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित एवं सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए इस मामले में प्राथमिकता से संज्ञान लिया जाए और वन विभाग से जुड़ी बाधा को दूर करवाकर सड़क निर्माण के आदेश दिए जाएँ।

- **बताया जा रहा है कि आरजिया क्षेत्र में पहुँचते ही यह कार्य वन विभाग द्वारा रोके जाने के कारण रुक गया है**

गबन का आरोपी उप डाकपाल गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे पूर्व उप डाकपाल कैलाशचंद मीणा निवासी करेडा बुजुर्ग, थाना दतवास को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर उप डाकपाल के पद पर रहते हुए सरकारी दस्तावेजों में काट-छांट एवं हेराफेरी कर सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का आरोप है।

थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस टीम ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता एवं आम सूचना संकलन के आधार पर आरोपी को डिटेन कर गिरफ्तार किया है।